राष्ट्रीय समर स्मारक पर संक्षिप्त विवरण

स्मारक में संकेंद्रित वृत्तों की अलग-अलग योजनाएं हैं, जो इस प्रकार हैं :

(ए) अमर चक्र (अमरता का चक्र)- इसमें अनन्त ज्वाला वाला एक स्मारक स्तंभ है। यह ज्योति शहीद हुए सैनिकों की आत्मा की अमरता का प्रतीक है, जो यह विश्वास जगाता है कि राष्ट्र उनके बलिदानों को कभी नहीं भूलेगा।

(बी) वीरता चक्र (वीरता का चक्र) यह वृत्त भारतीय सेना की बहादुरी को एक ढकी हुई दीर्घा के रूप में दर्शाता है जो छह कांस्य भित्ति चित्रों को प्रदर्शित करती है, जो भारतीय सशस्त्र बलों के बहादुर युद्ध कार्यों को दिखाती है।

(सी) त्याग चक्र (बलिदान चक्र)- इसमें सम्मान की गोलाकार संकेंद्रित दीवारें शामिल हैं, जो प्राचीन युद्ध संरचना "चक्रव्यूह" की प्रतीक हैं। दीवारें ग्रेनाइट की पटलिकाओं से ढकी हैं जहां एक स्वतंत्र ग्रेनाइट पटलिका प्रत्येक सैनिक को समर्पित है, जिन्होंने सर्वोच्च बलिदान दिया है। पटलिका पर प्रत्येक नाम सुनहरे अक्षरों में अंकित है।

(डी) रक्षा चक्र (संरक्षण का चक्र)- रक्षा चक्र में पेड़ों की पंक्तियों से बना सबसे बाहरी घेरा देश के नागरिकों को किसी भी खतरे के खिलाफ उनकी सुरक्षा के बारे में एक आश्वासन है, जिसमें प्रत्येक पेड़ चौबीसों घंटे राष्ट्र की क्षेत्रीय अखंडता सुनिश्चित करने वाले सैनिकों का प्रतिनिधित्व करता है।

2. राष्ट्रीय समर स्मारक अपने सशस्त्र बलों के लिए राष्ट्र की कृतज्ञता का प्रतिनिधित्व करता है। स्मारक हमारे नागरिकों में अपनेपन, उच्च नैतिक मूल्यों, बलिदान और राष्ट्रीय गौरव की भावना को मजबूत करता है। यह स्वतंत्रता के बाद से विभिन्न संघर्षों, संयुक्त राष्ट्र संचालन, मानवीय सहायता और आपदा प्रतिक्रिया अभियानों के दौरान हमारे सैनिकों द्वारा किए गए बलिदान का प्रमाण है। इस कारण युवा और व्यापक दर्शकों तक राष्ट्रीय समर स्मारक की पहुंच बढ़ाने को लेकर राष्ट्रीय समर स्मारक वेबसाइट, मोबाइल ऐप और इंटरएक्टिव स्क्रीन लगाकर स्मारक की डिजिटल दायरे को बढ़ाया गया है।

3. एनडब्ल्यूएम वेबसाइट/मोबाइल ऐप- वेबसाइट और ऐप स्मारक के इतिहास, महत्व, अवधारणा और युद्ध के हताहतों के विवरणों का प्रदर्शन करते हैं। वेबसाइट/ऐप में शामिल सुविधाओं में 21 क्षेत्रीय भाषाओं में बहुभाषी बातचीत शामिल है ताकि पूरे देश के आगंतुकों के लिए आसान समझ को सुगम बनाया जा सके, विशेष/दिव्यांगजनों के अनुकूल सुविधाएं, वर्चुअल टूर गाइड के साथ स्थान और लाइव मोबाइल मैपिंग के लिए 166 ब्लूटूथ बीकन का निर्माण और एकीकरण, स्मारक के भीतर विभिन्न संघर्षों/युद्धों, परमवीर चक्र पुरस्कार

विजेताओं और निर्देशित मार्गों के बारे में जानकारी देने के लिए 21 भाषाओं में श्रव्य व्याख्या (ऑडियो कमेंट्री), परम योद्धा स्थल सहित राष्ट्रीय समर स्मारक का पूर्ण अवलोकन, 26,368 युद्ध हताहतों में से अलग-अलग नामों का पता लगाने के लिए खोज सुविधा, ऑनलाइन क्विज़/कार्यक्रम और सशस्त्र सेना युद्ध हताहत कल्याण कोष में ऑनलाइन भेंट देने का प्रावधान है।

4. डिजिटल स्क्रीन- राष्ट्रीय समर स्मारक की डिजिटल पहुंच को बढ़ाने और आगंतुकों को अच्छा अनुभव देने व जानकारी प्रदर्शित करने को लेकर चार डिजिटल स्क्रीन लगाए गए हैं। आगंतुकों को सूचना देने के अलावा डिजिटल स्क्रीन संवर्धित वास्तविकता (एआर) सुविधा के साथ राष्ट्रीय समर स्मारक पर वर्चुअल (आभासी) श्रद्धांजलि देने की सुविधा प्रदान करते हैं, जिसमें युद्ध हताहतों के साथ आभासी तस्वीर का प्रावधान है, 26,368 युद्ध हताहतों की सूची और आगंतुकों के ओटीपी आधारित पंजीकरण का प्रावधान भी शामिल है।

वर्ष भर की गतिविधियां

• महत्वपूर्ण दिनों/घटनाओं के अवसर पर औपचारिक पुष्पांजलि अर्पित करना।

• विदेशों के वरिष्ठ गणमान्य व्यक्तियों द्वारा माल्यार्पण किया गया।

• प्रतिदिन शाम में रिट्रीट समारोह का आयोजन।

- परंपरागत रूप से दिन के लिए लड़ाई और काम बंद होने की समाप्ति का प्रतीक है।

- 32 सेकंड के ब्यूगल कॉल (तुरही बजाने) के साथ झंडे को नीचे करना आवश्यक है।

- ब्यूगल कॉल की श्रवण सीमा में आने वाले लोग यदि बैठे हैं तो उठें, सीधे तनकर खड़े हो जाएं और चुप रहें।

• रिट्रीट समारोह से ठीक पहले यानी सूर्यास्त से 30 मिनट पहले प्रतिदिन एनओके (निकटम परिजन) समारोह शहीद के परिजनों द्वारा किया जाता है।

• प्रत्येक रविवार को सूर्यास्त (अवधि 20 मिनट) से 45 मिनट पहले सेरेमोनियल गार्ड का परिवर्तन।

- स्काउट एंड गाइड्स, एनसीसी कैडेटों, राष्ट्रीय एकता यात्रा, स्कूलों और कॉलेजों के छात्रों आदि द्वारा संगठित दौरे किए जाते हैं।

सुविधाएं और सहायता

- "दिव्यांग व्यक्तियों" के अनुकूल वातावरण।
- ई-रिक्शा।
- नगरीय मार्ग।
- पैदल मार्ग।
- बेंच।
- पेय जल।
- शौचालय।
- प्राथमिक चिकित्सा।
- गाइड/प्रवेशक या भेंट कराने वाला
- स्मारिका केंद्र-स्मारिका
- त्याग चक्र पर विशिष्ट उत्कीर्ण ग्रेनाइट पटलिका का पता लगाने में मदद के लिए मोबाइल ऐप।
- डिजिटल इंटरैक्टिव सूचना पैनल।

• प्रवेश निःशुल्क है।

<u>समय</u>

- प्रतिदिन खुला है।
- कुछ दिनों/समय पर प्रवेश प्रतिबंधित है।
- नवंबर से मार्च सुबह 9 से शाम 7.30 (अंतिम प्रवेश शाम 7 बजे)।
- अप्रैल से अक्टूबर सुबह 9 से शाम 8 बजे (अंतिम प्रवेश शाम 7.30 बजे)।
- छोड़ने और लाने का स्थान।

• दैनिक फुटफॉलः कार्यदिवसों पर लगभग 6000 से 8000, सप्ताहांत पर 15000 से 20000।